CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आ: 2/112

ललन पिया की ठुमरियाँ

भाग-1

7·3

आम्नाय-ग्रन्थालय,
भरतनिधि, करौंदी
वाराणसी-5

थालय
वाराणसी-५
/112

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आ: 4112
आम्नाय-ग्रन्थालय,
भरतनिधि, फरीदी
वाराणसी-5

उ० प्र० संगीत नाटक अकादमी प्रकाशन-२

ललन पिया की ठुमरियाँ

(ठुमरी संकलन—भाग एक)

सकलन कर्त्ता एवं लिपिकार

भारतेन्दु बाजपेयी

उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ-१

प्रथमावृत्ति] [सन् १९७७

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Lalan Piya Ki Thumriyan

ललन पिया की ठुमरियाँ

(स्वरलिपि युक्त ठुमरियाँ)

आम्नाय-ग्रन्थालय,
भरतनिधि, करौंदी
वाराणसी-5

प्रकाशक
नरेन्द्र मोहन मेहरोत्रा
सचिव
उ० प्र० संगीत नाटक अकादमी
कैसरबाग, लखनऊ—२२६००१

सर्वाधिकार
उ० प्र० संगीत नाटक अकादमी

प्रथमावृत्ति १९७८

मूल्य : रु० २०.००

मुद्रक
सिटीजन प्रेस,
९२, शहीद अशफ़ाक उल्लाह मार्ग,
अमीनाबाद, लखनऊ २२६००१

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आम्नाय-ग्रन्थालय,
भरतनिधि, करौंदी
वाराणसी-5

अकादमी की ओर से

हिन्दुस्तानी अभिजात संगीत के ध्रुवपद और खयाल के तो कुछ अच्छे संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं, परन्तु अभी तक ठुमरियों का संग्रह बहुत कम देखने में आया है।

उत्तर प्रदेश के ललन पिया और सदन पिया नामक दो व्यक्ति बन्दिश की ठुमरियों के बहुत ही प्रसिद्ध रचयिता हुए हैं। ललन पिया, केवल गायक ही नहीं, अच्छे कवि भी थे। उनका, अवधी और ब्रजभाषा, दोनों पर पूर्ण अधिकार था। वह, जिस प्रकार स्वर के अच्छे मर्मज्ञ थे, उसी प्रकार लय और ताल के भी, अपूर्व सिद्ध विद्वान् थे। उन्नीसवीं शती के उत्तरार्द्ध और बीसवीं शती के पूर्वार्द्ध में, बंदिश की ठुमरियों की बहुत सुन्दर रचनाएँ हुईं। बोल और लय की नोक-झोंक की दृष्टि से ललन पिया की रचनाएँ अनुपम हैं। बंदिश की ठुमरियों की रचनाएँ, प्रायः सितार या सरोद की गत के आधार पर हुई हैं। ललन पिया की रचनाओं का एक वृहत् संग्रह 'ललन सागर' के नाम .. नवल किशोर प्रेस लखनऊ से प्रकाशित हुआ था। अब उसकी एक भी प्रति कहीं उपलब्ध नहीं है। लखनऊ में ललन पिया के दो शिष्य श्री सूरजबली और श्री द्वारिका महराज थे। परन्तु इनका निधन हो चुका है। मेरी बड़ी इच्छा थी कि उनकी ठुमरियों का स्वरलिपि सहित, एक संग्रह प्रकाशित किया जाय। सौभाग्यवश उनकी ठुमरियों के एक अच्छे जानकार, श्री भारतेन्दु बाजपेयी अभी विद्यमान हैं। मैंने उनसे निवेदन किया था कि ललन पिया की कुछ चुनी हुई ठुमरियों को स्वर-लिपि में निबद्ध कर उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी को प्रकाशनार्थ देने की कृपा करें। उन्होंने मेरे निवेदन को स्वीकर कर लिया और परिणाम-स्वरूप ललन पिया की १२५ ठुमरियों का संकलन स्वर-लिपि सहित अकादमी की ओर से आपके सामने प्रस्तुत है। मैं इसके लिये बाजपेयी जी का बहुत ही आभारी हूँ :

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जिन्होंने ललन पिया की ठुमरियां सुनी हैं, वे इस बात को अच्छी तरह जानते हैं कि उनकी रचनायें लय की काट-छांट से कितनी परिपूर्ण हैं। इस दृष्टि से उनको स्वरलिपि में निबद्ध करना अत्यन्त कठिन कार्य है। इस कार्य को बाजपेयी जी ने बहुत ही सुचारु रूप से सम्पादित किया है।

मुझे आशा है कि संगीत-प्रेमी ललन पिया की ठुमरियों के संग्रह का हृदय से स्वागत करेंगे।

जयदेव सिंह
अध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी,
कैसरबाग, लखनऊ।

दिनांक ७ अप्रैल १९७७

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्राक्कथन

'ललन पिया' की सवा सौ ठुमरियाँ, स्वरलिपि सहित संगीत प्रेमियों के लिए प्रस्तुत हैं। लखनऊ की संगीत परम्परा में ये ठुमरियाँ बन्दिश की ठुमरी कहलाती हैं। तीन ताल में निबद्ध, किसी भी राग की मध्यलय और द्रुतलय की बन्दिश को, लखनऊ में बन्दिश की ठुमरी कहा जाता था। इस परिपाटी की गीत रचना में. शब्दों का चयन, इतनी सूझबूझ एवं कुशलता से किया जाता था कि, तेज लय में भी शब्दों के उच्चारण में कठिनता का बोध न हो और, लय का प्रवाह बना रहे। ठुमरी सुनते समय ऐसा प्रवाह बना रहता है जैसे, तंत्र में जोड़-अलाप या गत बज रही हो, या जैसे तराने में शब्दों के बोल रख दिये गये हों। इस प्रकार की श्रेष्ठ रचना का निर्माण, वास्तव में कुशाग्र बुद्धि एवं अनुभवगम्य कुशलता का कार्य है। इस प्रकार का कठिनतम कार्य बड़े उर्वर एवं प्रौढ़ मस्तिष्क वाले संगीतज्ञों द्वारा ही सम्भव है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लखनऊ में जानी गुलाम रसूल खाँ एक प्रख्यात एवं अद्वितीय खयाल गायक हो गये हैं। उनकी बनायी हुई, बहार राग की तीन ताल में निबद्ध मध्यलय की एक रचना है, जिसके बोल इस प्रकार है--'कलियन संग करते रंग रेलियाँ, भंवर गुंजार फूली फुलवारी चहुँ ओर, मोर बोले, कोयल को कूक सुनि हूक उठी।'

उपरोक्त रचना को महाराष्ट्र और ग्वालियर में, बहार का छोटा खयाल कह कर गाया जाता है। भातखण्डे जी की क्रमिक पुस्तक मालिका में, और उसी परम्परा की अन्य पुस्तकों में भी, इसे छोटा खयाल लिखा गया है। लखनऊ की परम्परा में इसे बन्दिश की ठुमरी कहते थे। लखनऊ में संगीत की भाषा का यह मुहावरा ही था कि, अमुक गायक बहार राग की ठुमरी गा रहे थे। इसका आशय यही था कि, यह रचना बहार राग में, तीन ताल में निबद्ध मध्य और द्रुतलय की रचना है। यही परम्परा रामपुर में भी है क्योंकि, संगीत के क्षेत्र में श्रेष्ठ गुणीजन लखनऊ से बादशाही समाप्त होने पर, रामपुर दरबार में, तथा अन्य देशी रियासतों में चले गये थे। 'सनद पिया', जो बरेली के निवासी थे, परन्तु रामपुर दरबार के आश्रित भी थे, की परज राग की रचना "मनमोहन बृज को रसिया" प्रसिद्ध ही है। यह भी बन्दिश की ठुमरी ही है। उस्ताद फैयाज खाँ, जिनकी थोड़ी सेवा करने और जिनसे थोड़ी शिक्षा प्राप्त करने का सौभाग्य मुझे भी प्राप्त है, इस रचना को बड़ी उमंग व प्रेम से गाते थे। परन्तु, वे इसे छोटा खयाल न कह कर, पुराने मुहावरे का प्रयोग करते हुए कहते थे कि, परज की ठुमरी गा रहे हैं। उनके कथन का स्पष्ट आशय था कि, वह परज राग में, तीन ताल में निबद्ध मध्यलय की रचना गा रहे हैं।

बन्दिश की ठुमरी की रचना शब्द-प्रधान है। इसमें शब्दों का चयन इस प्रकार किया जाता है कि गाते समय, तेज लय में भी उच्चारण और स्वरों के लगाव में कठिनता न पड़े। इसीलिए इसमें ध्रुवपद गायन की शैली का प्रभाव अधिक हैं। मियाँ तानसेन की परम्परा के ध्रुवपद की गायन शैली में, लय का काम होरी अर्थात धमार, दादरा और शूल ताल के द्रुत लय के ध्रुवपद और तरानों मे दिखाया जाता है। उसमें शब्द प्रधान बोलतानों का व्यवहार है। बन्दिश की ठुमरी गायकी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

में भी यही प्रथा (नियम) है परन्तु, उसमें ख्याल की तरह, अकार की तानें भी सम्मिलित कर ली गयी हैं। मुरकी, खटका और कभी-कभी सट्टे की तान का भी बोल तानों का साथ उसमें समावेश है। इस प्रकार बन्दिश की ठुमरियों की अपनी अलग विशिष्ट गायकी बन गयी है, जिसमें ध्रुवपद शैली और खयाल की तरकीबों का मधुर समिश्रण दृष्टिगोचर होता है। ठुमरी गायकी की अपनी विशेषता मुरकी और बोल बनाव तो मध्यलय में रहता ही है।

ललन पिया, ठुमरी की उपरोक्त शैली के आचार्य थे। यों तो, उन्होंने ध्रुवपद, खयाल, टप्पा, दादरे, सभी में रचना की है परन्तु, बन्दिश की ठुमरियों की रचना में उनकी अपनी एक अलग ही विशेषता है।

ललन पिया फरुखाबाद के निवासी, सारस्वत ब्राह्मण थे। बृजभाषा और अवधी के अच्छे कवि भी थे। इसीलिए बन्दिशों के भाव और लय के प्रवाह के अनुरूप दो-दो, तीन-तीन मात्राओं के शब्दों का चयन वे इतनी कुशलता से कर सके हैं। उनकी द्रुत लय की बन्दिशों में स्वर और लय का इतना सहज प्रवाह दिखाई देता है कि, जैसे मोती पिरोये गये हैं। अति द्रुत लय में गाने पर भी राग का स्वरूप बिगड़ने नहीं पाता है। यह मालूम देता है कि, जैसे तंत्र का जोड़ अलाप या तराने की गायकी में लड़गुथाव हो रहा हैं। यह अवश्य है कि उनकी ठुमरियाँ कठिन हैं और, लय व ताल में जटिल हैं।

ललन पिया अच्छे कवि तो थे ही, उन्हें ध्रुवपद, ख़याल और टप्पा गायन की शैलियों का भी अच्छा ज्ञान था। लखनऊ परम्परा के रागों की उन्हें पूरी जानकारी थी। लय और ताल के वे विशेषज्ञ थे। वे जब महफिल में गाते थे, तब उनकी द्रुत लय की ठुमरियों के साथ कोई भी तबला वादक या पखावजी शुरू नहीं हो पाता था। सम को, वे इतनी कुशलता से छिपा देते थे कि, तबला वादक की यह समझ में ही नहीं आता था कि, कहाँ से शुरू करें और किस ताल में शुरू करें। उनके इस ज्ञान को, उनकी इस विशेषता को, देखने का अवसर मुझे कई बार मिला है। जब वे पूरी बन्दिश गा लेते थे, तब तबला वादक को इशारा करते थे कि यह बन्दिश फलाँ ताल की है तथा इसमें फलाँ स्थान पर सम है। ध्रुवपद अंग

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

की बोल तानें व जटिल तिहाइयाँ, वे अपनी बन्दिशों के गायन में इतनी अच्छी सजाते थे कि, उनकी संगत करना फिर भी कठिन ही रहता था।

ललन पिया के एक शिष्य मास्टर सूरजबली थे। लखनऊ के संगीत शौकीनों में वे भी एक अच्छे गुणी थे। उन्हें ठुमरियों का अलावा ३०० टप्पे याद थे। एक और शिष्य द्वारका महाराज थे। द्वारका का मेरा बहुत साथ था। १९५० के आस-पास द्वारका की मृत्यु हुई। कई वर्षों तक इन लोगों का सानिध्य मुझे प्राप्त रहा, फलस्वरूप मुझे सैकड़ों बन्दिशें स्वतः याद हो गयी थीं। चूंकि मैं, ललन पिया की गायकी और तरकीबों से अधिक प्रभावित था, अतः उनकी शैली का विशेष रूप से अध्ययन एवं मनन किया। इसीलिए, ललन पिया की सैकड़ों बन्दिशें अपने वास्तविक रूप में मेरे पास सुरक्षित रहीं।

संगीत के क्षेत्र में अच्छी रचनाओं को छिपाने की प्रवृति, प्रत्येक अच्छे कलाकार में स्वाभाविक है, चाहे वह रागों की बन्दिश हो, तबला-पखावज के बोल हों या तन्त्रकारी हो, मुझमें भी यह प्रवृति है। परन्तु, कई संगीत के विद्वानों और मित्रों के विशेष आग्रह पर, उ० प्र० संगीत नाटक अकादमी के ठुमरी-संकलन के सराहनीय कार्य में, मुझे भी थोड़ा सहयोग करना ही पड़ा। मुझे विश्वास है कि, इससे स्वर्गीय ललन पिया की बन्दिशों को उचित आदर मिलेगा और, शास्त्रीय संगीत के उच्चस्तर के विद्यार्थियों का भी ज्ञानवर्धन होगा।

भारतेन्दु वाजपेयी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अनुक्रमणिका

अकादमी की ओर से		ग
प्राक्कथन		थ
१. एरी डरत मोरा जिया	...	२
स्वरलिपि–भूपाली	...	३
२. आज मिलबे को जियरा मोरा	...	४
स्वरलिपि–भूपाली	...	५
३. चलत चाल अलबेली	...	६
स्वरलिपि–हमीर	...	७
४. धूम धूम मचाई	...	८
स्वरलिपि–हमीर	...	९
५. वाहि नगरिया में जाय रैहों	...	१०
स्वरलिपि–केदार	...	११
६. बैरन बन में बाजी कहूँ मुरलिया	...	१२
स्वरलिपि–केदार	...	१३
७. अपने जिया की बिथा	...	१४
स्वरलिपि–गौड़ सारंग	...	१५
८. छाँड़ो जी डगर मोरी ढीठ लंगरवा	...	१६
स्वरलिपि–गौड़ सारंग	...	१७
९. कैसे के जाऊँ नीर भरन पनघटवा	...	१८
स्वरलिपि–गौड़ सारंग	...	१९
१०. तोरी बिनती कर कर शिर धर धर	...	२०
स्वरलिपि–सरपदा	...	२१

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

११.	जावो जी तुम सौतन के मीत हो कान्ह	...	२२
	स्वरलिपि--सरपदा		२३
१२.	बाट चलत गारी दै गयो मोहिं	...	२४
	स्वरलिपि–सरपदा		२५
१३.	सखी री देखो नाहीं माने	...	२६
	स्वरलिपि–सरपदा		२७
१४.	अपडर कुलडर परडर	...	२८
	स्वरलिपि–बिहाग		२९
१५.	थिर करु थिर करु मन	...	३०
	स्वरलिपि–बिहाग		३१
१६.	आजारे राजा मोरे	...	३२
	स्वरलिपि–नटबिहाग		३३
१७.	जिया का अँदेशा मोरा कैसे जाय	...	३४
	स्वरलिपि–नटबिहाग		३५
१८.	नैन बान मारत सजनी	...	३६
	स्वरलिपि–खमाज		३७
१९.	नंद नटवारे छैल मोरी मान	...	३९
	स्वरलिपि–खमाज		४०
२०.	नैन नीर लागी राहत	...	४२
	स्वरलिपि–खमाज		४३
२१.	आओजी आओजी मोरे आज मोहन	...	४४
	स्वरलिपि–खमाज		४५

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

२२.	सखि सैयाँ की सुरतिया	...	४६
	स्वरलिपि–खमाज		४७
२३.	बरजोरी करत निडर मग में रार	...	४८
	स्वरलिपि–खमाज		४९
२४.	सोहनी सोहनी मोहिनी मोहिनी	...	५०
	स्वरलिपि–खमाज		५१
२५.	ललन लई दधि चोर तोर	...	५२
	स्वरलिपि–खमाज		५३
२६.	प्रीत करी रे पछतायी	...	५५
	स्वरलिपि–खमाज		५६
२७.	वो तो लचक चलत आवत	...	५८
	स्वरलिपि–खमाज		५९
२८.	तोरी सूरत मन बस गयी रे	...	६१
	स्वरलिपि–खमाज़		६२
२९.	नैन बान बाँके नैनवाँ निकाई	...	६४
	स्वरलिपि–खमाज		६५
३०.	कंगना मोरा करक सो करक गयो रे	...	६६
	स्वरलिपि–खमाज		६७
३१.	चलत चित चोरत चाल मद भरी	...	६९
	स्वरलिपि–खमाज		७०
३२.	मैं आज पनघट गयी री सखी री	...	७२
	स्वरलिपि–खमाज		३७

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

३३. ना जैहों ना जैहों आली	...	७४
स्वरलिपि--खमाज	...	७५
३४. पनियाँ ना जाऊँ आली री	...	७६
स्वरलिपि--खमाज	...	७७
३५. भ्रमत-भ्रमत आज बावरी भयी	...	७८
स्वरलिपि--खमाज	...	७९
३६. बना बना जीवना	...	८०
स्वरलिपि--खम्बावती	...	८१
३७. भरन गयी पनियाँ पनघटवा के घाट	...	८२
स्वरलिपि--खम्बावती	...	८३
३८. परसन लागो अँखियन नेह री	...	८४
स्वरलिपि--बहार	...	८५
३९. बरसन लागी अँखियाँ ये बारि री	...	८६
स्वरलिपि--बहार	...	८७
४०. बोलन लागे पपीहा पिया पिया	...	८८
स्वरलिपि--गौड़ मलार	...	८९
४१. कौन बार मिघवा बरसन की	...	९१
स्वरलिपि--गौड़ मलार	...	९२
४२. वृन्द वारि बरषें बादरिया	...	९४
स्वरलिपि--गौड़ मलार	...	९५
४३. घन गगन गन अगम अब कीन्हों	...	९६
स्वरलिपि--दे मलार	...	९७

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

४४. माई लरजत री म्हारा हियरा ... ९९

स्वरलिपि--देश मलार ... १००

४५. कूकें कोयलिया कारो ... १०२

स्वरलिपि--देश मलार ... १०३

४६. बरष गयीं घन गगन आली ... १०४

स्वरलिपि--मलार ... १०५

४७. दइमारे बदरवा करत शोर ... १०६

स्वरलिपि--नट मलार ... १०७

४८. घिर आये बारि वारे दुरन लागे ... १०८

स्वरलिपि--हमीर ... १०९

४९. पिय-पिय पपीहा मनता ... १११

स्वरलिपि--मियाँ की मलार ... ११२

५०. तनिक थम जा थम जा थम जा रे ... ११४

स्वरलिपि--दरबारी कान्हरा ... ११५

५१. मैया, मोहिं मुरलिया लै दे ... ११७

स्वरलिपि--दरवारी कान्हरा ... ११८

५२. मोहिं माई मुरली मोल मँगा दे ... १२०

स्वरलिपि--दरबारी कान्हरा ... १२१

५३. चलु सखि आज सैयाँ मिलन ... १२२

स्वरलिपि--दरबारी कान्हरा ... १२३

५४. दीरघ उठान सी अटपटी सी ... १२४

स्वरलिपि--नायकी कान्हरा ... १२५

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

५५.	भाई लकुटि कमरिया बाँधे	...	१२६
	स्वरलिपि–नायकी कान्हरा		१२७
५६.	श्याम सुघर छवि पर बलि जैयाँ	...	१२८
	स्वरलिपि–शहाना		१२९
५७.	ललित मनोहर गात	...	१३०
	स्वरलिपि–शहाना		१३१
५८.	हरि अनरीति करी सखि सों री	...	१३२
	स्वरलिपि–शहाना		१३३
५९.	राजत छवि शशि मुख सुन्दर सी	...	१३४
	स्वरलिपि–शहाना		१३५
६०.	मोहन मन मृदल बानी	...	१३६
	स्वरलिपि–सोहनी कन्हरा		१३७
६१.	मौया री मैया मोरी ना माने	...	१३८
	स्वरलिपि–अड़ाना		१३९
६२.	पिया की नगरिया में जाय	...	१४०
	स्वरलिपि--मालकोष		१४१
६३.	लै दे कमरिया कारी कारी	...	१४२
	स्वरलिपि--मालाकोष		१४३
६४.	कवन रंग रस पागी अलबेली	...	१४४
	स्वरलिपि--मालकोष		१४५
६५.	कमरिया काँधे रही न गोरी मैया	...	१४६
	स्वरलिपि--मालकोष		१४७

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

६६.	जी मिलन को तरसन लागो	...	१४८
	स्वरलिपि--मालकोष		१४९
६७.	बिन मोहन यार कैसे कटेंगे दिन	...	१५१
	स्वरलिपि--चन्द्रकौंस		१५२
६८.	कोयलिया मारे डारे	...	१५४
	स्वरलिपि--सुहासुघराई		१५५
६९.	सब रंगन रंग लायी सब रंग सों	...	१५७
	स्वरलिपि--भैरवी		१५८
७०.	डगर मोरी छाड़ो छाँड़ो छैलवारे	...	१६०
	स्वरलिपि--भैरवी		१६१
७१.	ललित छवि बाँकी बाँकी	...	१६१
	स्वरलिपि--भैरवी		१६३
७२.	छाँड़ कचरा मोरा	...	१६४
	स्वरलिपि--भैरवी		१६५
७३.	निडर ऐसो का करुँ कान्हा	...	१६६
	स्वरलिपि भैरवी		१६७
७४.	अब मोसे बार-बार ऐसो गँवार	...	१६८
	स्वरलिपि--भैरवी		१६९
७५.	अब तोरी मोहनी मोहनी मूरत	...	१७०
	स्वरलिपि--भैरवी		१७१
७६.	जारे सैयाँ गहु ना मोरी बैयाँ	...	१७२
	स्वरलिपि--भैरवी		१७३

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

७७. लगायी मोसे बाँकुरी प्रीति ... १७४
स्वरलिपि–भैरवी ... १७५
७८. एजी एजी छैला रे छाँड़ दे लरकैयाँ ... १७६
स्वरलिपि–भैरवी ... १७७
७९. कवन विधि जाउँ डगर विच ठाड़ो ... १७८
स्वरलिपि–भैरवी ... १७९
८०. अजब दृग आँजो अँजनवा निरखि ... १८०
स्वरलिपि–भैरवी ... १८१
८१. वारी मैं मोरीं नंनदिया ... १८२
स्वरलिपि–भैरवी ... १८३
८२. देखी बतियाँ घतियाँ नटखट की ... १८५
स्वरलिपि–परज ... १८६
८३. ये सखि मद पिला दे पिया को आज ... १८८
स्वरलिपि–परज ... १८९
८४. मोसे बतियाँ करत छलबल की ... १९०
स्वरलिपि–परज ... १९१
८५. देखो सखि नंद नंदन को ... १९२
स्वरलिपि–परज ... १९३
८६. मोरा पलक मार मन लीन्हा ... १९५
स्वरलिपि–परज ... १९६
८७. देखी ढिठाई ढीठ नटवर की ... १९८
स्वरलिपि–परज ... १९९

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

८८. जाने दे न जाने दे न पनघट री ... २००
स्वरलिपि-परज २०१
८९. तेरी मोरी बात सो मोरी तोरी ... २०२
स्वरलिपि-सोहनी २०३
९०. एरी यशोदा तेरो कुवँर कन्हाई ... २०४
स्वरलिपि-सोहनी २०५
९१. जिया को तरसे पिया को तरस ... २०६
स्वरलिपि-सोहनी २०७
९२. विपिन बिहारी ठाड़ो यमुना तीर ... २०८
स्वरलिपि-गौरी २०९
९३. ऐसो री अनारी निरदैया ... २१०
स्वरलिपि-गौरी २११
९४. मोहिंका नाहीं भावे मोहन तोरी बात ... २१२
स्वरलिपि-गौरी २१४
९५. ये द्रुम द्रुम लता लता पता पता ... २१३
स्वरलिपि-बसंत २१५
९६. जात रही पनियाँ को मैं माई ... २१७
स्वरलिपि-काफी २१८
९७. तोरी नज़रियाँ सैयाँ मारे डारे ... २२०
स्वरलिपि-काफी २२१
९८. जाने दे जाने दे मुहिं मंदिर छैल ... २२२
स्वरलिपि-काफी २२३

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

९९. देखो देखो आली यमुना तीर ... २२४
स्वरलिपि-काफी २२५
१००. छाँड़ो छाँड़ो कोमल कलाई सैंया ... २२६
स्वरलिपि-काफी २२७
१०१. देखो देखो सखी राम जात ... २२८
स्वरलिपि-काफी २२९
१०२. मानैना मानैना मानैना करत बरजोरी ... २३०
स्वरलिपि-काफी २३१
१०३. तिहारी-प्यारी दृग चितवन ... २३३
स्वरलिपि-काफी २३४
१०४. रंगीले रस माते सलोने नैन ... २३६
स्वरलिपि-काफी २३७
१०५. लागो लागो सखी रितु बसन्त ... २३८
स्वरलिपि-काफी २३९
१०६. सजो सजो समूह बृजराज ... २४०
स्वरलिपि-काफी २४१
१०७. बिन लाग सजन गये नैना फेर ... २४२
स्वरलिपि-काफी २४३
१०८. हटो हटो छाँड़ो डगर कान्ह ... २४४
स्वरलिपि-काफी २४५
१०९. छाँड़ो छाँड़ो मोरी बइयाँ श्याम ... २४६
स्वरलिपि-काफी २४७

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

११०. बतियाँ न बनाओ मोसे फेर फेर ... २४८
स्वरलिपि-काफी २४९
१११. गूंजे गूंजे सखि भाँवरा भौंरी ... २५०
स्वरलिपि-काफी २५१
११२. कैसे कैसे सखि चंचल नैन ... २५२
स्वरलिपि-काफी २५३
११३. कैसी कैसी करूं आयो बससंत ... २५४
स्वरलिपि-काफी २५५
११४. आयी आयी सखि बरखा बैरी ... २५६
स्वरलिपि-काफी २५७
११५. घिरे घिरे घन गगन सारे ... २५८
स्वरलिपि-काफी २५९
११६. छाड़ों जी मोरा छाड़ों जी आँचरा ... २६०
स्वरलिपि-माँझ काफी २६१
११७. चलो हटो जाओ काहे करत ... २६२
स्वरलिपि-माँझ काफी २६३
११८. अदा अलबेली बाँकी चाल ... २६४
स्वरलिपि-माँझ काफी २६५
११९. तिहारी चितवन चित चोरन लाल ... २६६
स्वरलिपि-माँझ काफी २६७
१२०. कैसा मुरारि कैसा मुरारि ... २६९
स्वरलिपि-गारा २८०

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१२१. नैनों दी मार नैनों दी मार	...	२७२
स्वरलिपि-गारा		२७३
१२२. काहे डगरिया माँ मोहिका घेरे	...	२७४
स्वरलिपि-गारा		२७५
१२३. आज संवरिया ने लाज लीन्हीं	...	२७७
स्वरलिपि-गारा खंबावती		२७८
१२४. मन मनसा मानी जौन मोरी रे	...	२८०
स्वरलिपि-हिण्डोल		२८१
१२५. सुधर सुघर रंग रस भरी रे	...	२८२
स्वरलिपि-हिण्डोल		२८३

-:o—:o-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ललन पिया की ठुमरियाँ

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१

एरी डरत मोरा जिया—
पिया की लंगरैयाँ बाट
बरजोरी करत मोसे,
डरत मोरा जिया

या दुखवा से तो पग न धरत सेजिया पै आली
ललन पिया की बात नीकी न लागै मोहिं—
निठुर नटवा, नन्द प्रिया डरत मोरा जिया

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

राग–भूपाली : ताल–त्रिताल

स्थाई

								प							
–	सां	सां	ध	प	ग	रे	सा	ग	ग	–	प	ध	प	ग	रे
ऽ	ए	री	ड	र	त	मो	रा	जि	या	ऽ	पि	या	की	लं	ग
०				३				×				२			
ग	–	ग	रे	–	सा	ध़	ध़	सा	–	सा	रे	ग	प	ध	–
रैं	ऽ	यां	वा	ऽ	ट	व	र	जो	ऽ	री	क	र	त	मो	ऽ
०				३				×				२			
सां	–	–	ध	प	ग	रे	सा								
से	ऽ	ऽ	ड	र	त	मो	रा								
०				३											

अन्तरा

–	प	ग	ग	प	प	ध	ध	सां	सां	सां	सां	सां	सां	ध	ध
ऽ	या	दु	ख	बा	ऽ	से	तो	प	ग	न	ध	र	त	से	जि
०				३				×				२			
सां	–	रें	गं	गं	ग	रें	रें	सां	सां	ध	सां	–	सां,	सां	सां
या	ऽ	पे	आ	ली	ल	ल	न	पि	या	की	वा	ऽ	न,	नी	की
०				३				×				२			
ध	प	ग	प	प	ग	रे	सा	सा	रे	ग	प	–	ध	प	ध
न	ला	गे	मो	हिं	नि	ठु	र	न	ट	वा	ऽ	ऽ	नं	ऽ	द
०				३				×				२			
सा	सां	–,	ध	प	ग	रे	सा								
प्रि	या	ऽ,	ड	र	त	मो	रा								
०				३											

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

२

आज मिलबे को जियरा मोरा—
चाहत पिया प्यारे के काज

तरपि तरपि बिकल हीन तन मन गति भई री आलि
बिरहु धीर देत ना मनोज मोहिं
ललन प्रियहु देहु दरश श्रीपति श्री बृजराज महराज

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग–भूपाली : ताल–त्रिताल

स्थाई

											ध़	ध़	ध़	सा	रे
											आ	ऽ	ज	मि	ल
												३			
प	–	म	–	–	प	ध	प	ग	रे	सा,	–	–,	रे	ग	ग
ते	ऽ	को	–	ऽ	जि	य	रा	मो	ऽ	रा	ऽ	ऽ,	चा	ह	त
×				२				०				३			
प	ध	–	सां	–	सां	ध	प	ग	रे	सा.	ध़	–	ध़	सा	रे
पि	या	ऽ	प्या	ऽ	रे	के	ऽ	का	ऽ	ज,	आ	ऽ	ज	मि	ल
×				२				०				३			

अन्तरा

								ग	ग	ग	प	प	प	ध	ध
								त	र	पि	त	र	पि	ब्रि	क
								०				३			
ध	सां	–	सां	सां	मां	ध	ध	सां	मां	रें	–	रें	गं	–	गं
ल	ही	ऽ	न	त	न	म	न	ग	ति	भ	ई	री	आ	ऽ	लि
×				२				०				३			
गं	रें	रें	सां	सां	सां	सां	–	ध	प	ग	ग	–	रे	सा	सा
बि	र	ह	धी	ऽ	र	दे	ऽ	त	ना	म	नो	ऽ	ज	मो	हिं
×				२				०				३			
रे	ग	ग	प	प	प	ध	–	ध	सां	सां	सां	सां	–	ध	प
ल	ल	न	प्रि	य	हु	दे	ऽ	हु	द	र	श	श्री	ऽ	प	ति
×				२				०				३			
प	ध	प	प	–	ग	ग	रे	सा	–	सा;	ध़	–	ध,	सा	रे
श्री	बृ	ज	रा	ऽ	ज	म	ह	रा	ऽ	ज,	आ	ऽ	ज	मि	ल
×				२				०				३			

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

३

चलत चाल अलबेली अलबेली–
कह कहूँ सखि वाकी
जोबनवाँ की छवि फब–
नव निरख मन बस गयी ।

चंद्रमुखी अति सुखी नारि–
नवल गात मैन मद चुआत
दरशत रस, बरसत रंग सरबस ढंग
ललन पिया प्यारी शोभा कहि न जात
शीश सारी सुघर सर दई

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग–हमीर : ताल–त्रिताल

स्थाई

		नि	
म प ध प	– म ग म	ध – नि सां	नि ध – प
च ल त चा	ऽ ल अ ल	वे ऽ ली अ	ल वे ऽ ली
०	३	×	२
प म ध ध	प प ग –	ग म ग म	रे रे सा सा
क ह क हुँ	स खिं वा ऽ	की जो ब न	वाँ ऽ की ऽ
०	३	×	२
रे ग म ध	प – ध नि	ध नि सां नि	ध नि ध प
छ वि फ व	न व नि र	ख म न ब	स ग यी ऽ
०	३	×	२

अन्तरा

	प – प सां	सां सां सां सां	सां सां – सां
	चं ऽ द्र मु	खी ऽ अ ति	सु खी ऽ ना
	३	×	२
नि रें सां सां	नि – ध सां	- सां सां सां	रें सां – सां
रि न व ल	गा ऽ त मैं	ऽ न म द	चु आ ऽ त
०	३	×	२
मं गं मं मं	रें रें सां नि	रें सां सां सां	सां सां ध ध
द र श	र स ब र	स त रं ग	स र ब स
०	३	×	२
प प ध प	प म ग म	– म रे रे	सा सा रे ग
ढं ग ल ल	न पि या प्या	ऽ री शो ऽ	भा ऽ क हि
०	३	×	२
म ध – प	नि ध नि सां	सां नि ध नि	नि ध प प
न जा ऽ त	शी श सा री	सु घ र स	र द ई ऽ
०	३	×	२

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

४

धूम-धूम मचाई, झूम झूम घूम घूम रहे—
मन सों छवि सों, फब सों नैना ॥

श्याम गात, कमल दृग, मृग मीन खंजन सों—
अरुणारे, कजरारे प्यारे प्यारे—
ललन पिया शोभा अलबेली अजब गजब सों ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग–हमीर : ताल–त्रिताल

स्थाई

नि प -- ध नि	-- सां नि ध	प मं प प	प म ग म
धू ऽ म धू	म म चा ई	झू म झू म	घू म घू म
×	२	०	३
ध ध नि सां	सां नि ध प	प मं प प	प म ग म
धू म धू म	म चा ऽ ई	झू म झू ऽ	म धू ऽ म
×	२	०	३
प प म ग	म रे रे सां	म ग ग म नि	ध नि सां मां
र हे म द	सों छ वि सों	फ ब सों न	ब सों नै ना
×	२	०	३

अन्तरा

		प --	प सां -- सां
		श्या ऽ	म गा ऽ त
			३
सां सां सां सां	सां रें रें सां	-- सां ग --	गं गं म म
क म ल दृ	ग मृ ग मी	ऽ न खं ऽ	ज न सों ऽ
×	२	०	३
म रे र रें	सां सां सां सां	सां सां ध ध	प प प मं
अ रु णा रे	क ज रा रे	प्या रे प्या रे	ल ल न पि
×	२	०	३
प ग -- म	रे रे ग म	ध ध प नि	नि ध सां --
या शो ऽ भा	अ ल बे ली	अ ज ब ग	ज ब सों ऽ
×	२	०	३

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

५

बाहि नगरिया में जाय रैहों,
जहा छैल कन्हैया बसे,
बाही सों नेहा लगैहों ।

देखूँगी कैसो नटखट चलाँक तुहि,
सच हौ सबही कहत नंद ललनवा निठुर सों
मैं, सुख सृजैहों ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग-केदार : ताल-त्रिताल

स्थायी

, ध -- प

, वा ऽ हि

											ग				
म	म	ग	म	रे	सा	--	सा	म	--	--	प	--,	ध	--	प
न	ग	रि	या	में	जा	ऽ	य	रैं	ऽ	ऽ	हों	ऽ,	वा	ऽ	हि
०				३				×				२			
												ग			
म	म	ग	म	रे	सा	--	सा	म	--	--	—	प,	ध	नि	रें
न	ग	रि	या	में	जा	ऽ	य	रैं	ऽ	ऽ	ऽ	हों,	ज	हाँ	ऽ
०				३				×				२			
सां	नि	सां	ध	--	ध	प	प	म	म	ग	प	म॑	प	ध	प
छं	ल	क	न्है	ऽ	या	ब	से	वा	ही	सों	ने	हा	जा	गे	हों
०				३				×				२			

अन्तरा

--	प	प	प	नि	नि	ध	ध	सां	सां	सां	सां	--	सां	सां	सां
ऽ	दे	खूं	गी	कै	सो	न	ट	ख	ट	च	लाँ	ऽ	क	तु	हि
०				३				×				२			
सां	मं	मं	मं	रें	रें	सां	--	सां	रें	रें	सां	--	सां	नि	ध
स	च	ऽ	हों	स	ब	ही	ऽ	क	ह	त	नं	ऽ	द	ल	ल
०				३				×				२			
ध	नि̲	--	प	प	म॑	ध	प	म	--	म	ग	प	प	--	प
न	वा	ऽ	नि	ठु	र	सों	ऽ	मै	ऽ	सु	ख	सृ	जै	ऽ	हों
०				३				×				२			

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

६

बैरन बन में बाजी कहूँ मुरलिया,
सुनत मधुर धुनि व्याकुल भयो री जिया।
कल न पड़त दहे मदन बिनु पिया।

सोवत ही सुख भरी निंदिया ननदिया,
श्रवन भनक परि खुल गई अंखियाँ,
ललन पियारे अब सांवरे दरश बिन—
तनक चैन नहि धरत धीर हिया।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग–गौड़ सारंग : ताल–त्रिताल

स्थाई

ग म रे सा	सा रे सा –	ग रे म ग	पम̍ प म ग
बँ र न ब	न में वा ऽ	जी ऽ क हूँ	मुऽ र लि या
०	३	×	२
ग रे म ग	प प म̍ प	ध नि सां नि	ध नि प प
सु न त म	धु र धु नि	व्या कु ल भ	यो री जि या
०	३	×	२
प प प रे	रे रे सा सा	ग ग रे म	ग प म ग
क ल न प	ड़ त द हे	म द न बि	नु पि या ऽ
०	३	×	२

अंतरा

प प प प	नि ध नि नि	सां सां सां सां	नि रें सां सां
सो व त ही	सु ख भ री	निं दि या न	न दि या ऽ
०	३	×	२
नि नि ध सां	सां सां सां सां	गं रें मं गं	गं रें सां सां
श्र व न भ	न क प रि	खु ल म यी	आँ खि याँ ऽ
०	३	×	२
सा नि ध नि	प प म̍ ध	प म ग रे	म ग प प
ल ल न पि	या रे अ व	सां व रे द	र श बि न
०	३	×	२
रे रे रे सा	– सा ग रे	म ग ग म	– ग प प
त न क चै	ऽ म न हि	ध र त धी	ऽ र हि या
०	३	×	२

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

७

अपने जिया की बिथा—
सगरी कहूँ मैं कासों सजनी,
उन बिन न चैन घरि पल छिन—
दिवस निशि भयो कठिन ।

बीर तू अपने बीर सों एरी पतियाँ लिखा दे,
मंगवा दे पिया को संदेश—
ललन श्याम सों एती बिनती मोरि,
कहियो बेग मिलो री नाहिं तो—
जावत प्रान तुन बिन रे प्रानपती री ।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग–गौड़ सारंग : ताल–त्रिताल

स्थाई

ग	म	रे	सा	सा	रे	नि़	सा	ग	रे	म	ग	–	प	म॑	प
अ	प	ने	जि	या	की	बि	था	म	ग	री	ऽ	ऽ	क	हूँ	ऽ
०				३				×				२			
म	ग	ग	म	रे	ग	रे	सा	नि़	सा	ग	रे	म	ग	–	ग
मैं	ऽ	का	ऽ	सों	स	ज	नि	उ	न	बि	न	न	चै	ऽ	न
०				३				×				२			
म	ग	प	प	ध	नि	सां	नि	ध	प	म	ग	रे	म	ग	ग
घ	रि	प	ल	छि	न	दि	व	स	नि	शि	भ	यो	क	ठि	न
०				३				×				२			

अन्तरा

												–	म	म	ग
												ऽ	बी	र	तू
												२			
प	प	प	ध	नि	ध	सां	–	सां	सां	सां	सां	रें	सां	–	सां
अ	प	ने	बी	र	सों	ए	ऽ	री	प	ति	याँ	लि	खा	ऽ	दे
०				३				×				२			
सां	नि	ध	–	सां	–	–	ग	गं	रें	मं	गं	–	गं	गं	मं
मं	ग	वा	ऽ	दे	ऽ	ऽ	पि	या	को	सं	दे	ऽ	श	ल	ल
०				३				×				२			
रें	सां	–	सां	सां	नि	ध	प	प	म॑	ध	प	ग	रे	म	ग
न	श्या	ऽ	म	सों	ऽ	ए	ती	बि	न	ती	ऽ	मो	ऽ	रि	क
०				३				×				२			
म	ग	प	–	प	रे	सा	सा	ग	–	रे	म	–	म	ग	ग
हि	यो	वे	ऽ	ग	मि	लो	री	ना	ऽ	हिं	तो	ऽ	जा	व	त
०				३				×				२			
प	–	प	ध	नि	ध	नि	सां	सां	नि	ध	प	म	प	ग	म
प्रा	ऽ	न	तु	म	बि	न	रे	प्रा	ऽ	न	प	ती	ऽ	री	ऽ
०				३				×				२			

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

८

छाँड़ो जी डगर मोरी ढीठ लंगरवा,
नीर भरत पर करत झगरया,
बरजोरी हमरोरी तोर लियो हरवा।

दूर ही से देख मोरे आवत निकटवा,
अँचल गहत न लजत नटखटवा,
ललन पिया सखियन सनमुखवा,
हँसि हँसि मोहिं लगावत गरवा ।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग–गौड़ सारंग : ताल–त्रिताल

स्थाई

ग	म	रे	सा	(नि़)सा	रे	नि़	सा	ग	रे	म	ग	प	म॑प	म	ग
छाँ	ड़ो	जी	ड	ग	र	मो	री	ढी	ऽ	ठ	ल	ग	रऽ	वा	ऽ
०				३				×				२			
ग	रे	म	ग	प	प	म॑	प	ध	नि	सां	नि	ध	नि	प	–
नी	ऽ	र	भ	र	त	प	र	क	र	त	झ	ग	र	वा	ऽ
०				३				×				२			
प	प	रें	रे	सा	रे	नि़	सा	ग	रे	म	ग	प	म॑	ध	प
व	र	जो	री	ह	म	रो	री	तो	र	लि	यो	ह	र	वा	ऽ
०				३				×				२			

अन्तरा

प	प	प	प	ध	नि	नि	ध	सां	सां	सां	सां	नि	रें	सां	सां
दू	र	ही	से	दे	ख	मो	रे	आ	व	त	नि	क	ट	वा	ऽ
०				३				×				२			
नि	नि	ध	सां	सां	सां	सां	सां	गं	रें	मं	गं	गं	रें	सां	सां
अँ	च	ल	ग	ह	त	न	ल	ज	त	न	ट	ख	ट	वा	ऽ
०				३				×				२			
सां	नि	ध	नि	प	–	प	म॑	ध	प	म	ग	ग	रे	म	ग
ल	ल	न	पि	या	ऽ	स	खि	य	न	स	न	मु	ख	वा	ऽ
०				३				×				२			
प	प	रें	रे	सा	–	रे	सा	ग	रे	म	ग	प	म॑प	म	ग
हँ	सि	हँ	मि	मो	ऽ	ड़ि	ल	गा	ऽ	व	त	ग	रऽ	वा	ऽ
०				३				×				२			

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

९

कैसे के जाऊँ नीर भरन पनघटवा,
रोकत डगर मोरी नंद कुँवरवा।
करत कन्हाई लंगराई नागर नटवा ॥

निडर निलज लिये सखन समाज साथ,
करत ठठोली मग चलत लंगरवा।
ललन पिया बरजो नहिं मानत,
ऐसो री चंचल चित चपल मोहनवा ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग–गौड़ सारंग : ताल–त्रिताल

ग	म	रे	सा	सा	रे	नि़	सा	ग	रे	म	ग	प	म॑प	म	ग
कं	से	के	जा	ऊँ	नी	र	भ	र	न	प	न	ध	टऽ	वा	ऽ
०				३				×				२			
ग	रे	म	ग	प	म॑	ध	प	ध	नि	सां	नि	ध	नि	प	प
रो	क	त	ड	ग	र	मो	री	नं	ऽ	द	कुं	व	रं	वा	ऽ
०				३				×				२			
प	म॑	प	रे	रे	सा	नि़	सा	ग	रे	म	म	ग	प	म॑	प
क	र	त	क	न्हा	ई	लं	ग	रा	ई	ना	ग	र	न	ट	वा
०				३				×				२			

अन्तरा

प	प	प	सां	सां	सां	सां	सां	सां	नि	सां	सां	सां	रें	सां	सां
नि	ड	र	नि	ल	ज	लि	ये	स	ख	न	स	मा	ज	सा	थ
०				३				×				२			
नि	नि	ध	सां	सां	सां	सां	सां	गं	रें	मं	गं	गं	रें	सां	सां
क	र	त	ठ	ठो	ली	म	ग	च	ल	त	लं	ग	र	वा	ऽ
०				३				×				२			
सां	नि	ध	नि	प	–	म॑	प	ध	प	म	ग	ग	रे	म	ग
ल	ल	न	पि	या	ऽ	ब	र	जो	ऽ	न	हिं	मा	ऽ	न	त
०				३				×				२			
प	प	प	रे	रे	सा	नि़	सा	ग	रे	म	ग	प	म॑	ध	प
ऐ	सो	री	चं	च	ल	चि	त	च	प	ल	मो	ह	न	वा	ऽ
०				३				×				२			

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१७

तोरी बिनती कर कर, शिर धर धर
पग पर पर, गयी मैं हार मीत मुरारि

न माने सैयां, देत लरकैयां
अब कौन यतन समझाऊँ
ललन तुहि समझ लियो
अब कुछ तुम कियो
चाहत मोसे बिगार मीत मुरारि ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

राग-सरपदा : ताल-त्रिताल

स्थाई

										रे	सा	सा	ग	रे	ग
										तो	री	बि	न	ती	क
												३			
म	म	प	ग	रे	ग	ग	म	ग	–,	रे	सा	सा	ग	रे	ग
र	क	र	शि	र	ध	र	ध	र	ऽ,	तो	री	बि	न	ती	क
×				२				०				३			
म	प	प	ग	रे	ग	ग	म	ग,	ग	म	ध	ध	प	प	ध
र	क	र	शि	र	ध	र	ध	र,	प	ग	प	र	प	र	ग
×				२				०				३			
नि	–	नि	ध	प	प	म	प	म	ग,						
यी	ऽ	मैं	हा	र	मी	त	मु	रा	रि,						
×				२				०							

अन्तरा

–	म	ग	म	प	प	नि	ध	नि	सां	सां	सां	–	सां	सां	सां
ऽ	न	मा	ने	सै	यां	दे	ऽ	त	ल	र	कै	ऽ	याँ	अ	ब
×				२								३			
नि	ध	नि	सां	रें	सां	गं	रें	गं	मं	मं	मं	मं	गं	गं	–
कौ	ऽ	न	य	त	न	स	म	झा	ऊँ	ल	ल	न	तु	हि	स
×				२				०				३			
सां	सां	सां	नि	ध	नि	ध	प	म	प	म	ग	म	ध	ध	प
म	झ	लि	यो	अ	ब	कु	छ	तु	म	कि	यो	चा	ह	त	
×				२				०				३			
–	नि	नि	ध	प	प	म	प	म	ग,						
ऽ	से	बि	ग	र	मी	त	मु	रा	रि,						
×				२											

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri
Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

११

जावो जी तुम सौतन के हो मीत कान्ह,
जावो जी तुम
जान लई रे तोरी छलबतियाँ सारी
सौतन के हो मीत कान्ह
जावो जी तुम

बहुत छिपत ना कपट की प्रीत ललन–
अंत उदित हो ज्यों भोर भान
तुम सौतन के हो मीत कान्ह
जाओ जी तुम

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग—सरपरदा : ताल–त्रिताल

स्थाई

		म	ग रे सा नि़
		जा	वो जी तु म
			२
सा ग रे ग	म प – म	ग – ग, म	ग म प प
सौ त न के	हो मी ऽ त	का ऽ न्ह, जा	वो जी तु म
०	३	×	२
ध – ध ध	प नि॒ ध प	प ध॒ प म	म ग रे सा
जा ऽ न ल	ई रे तो री	छ ल ब ति	याँ सा ऽ री
०	३	×	२

अन्तरा

– म ग म	प प नि ध	नि सां सां सां	सां सां सां नि
ऽ ब हु त	छि प त ना	क प ट की	प्री ति, ल ल
०	३	×	२
सां ध – नि॒	नि ध प म	म प – म	ग ग, रे सा
न, अं ऽ त	उ दि त हो	ज्यों भो ऽ र	भा न, तु म
०	३	×	२

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१२

बाट चलत गारी दै गयो मोंहि—
नंद को ढीठ नटवा, सजनी कहा करूँ

वारी वारी नंनदि यमुना कैसे जाऊँ
बीच ठाढो निठुर कान्ह,
ललन पिया रंगीलो, रसिया से मैं डरूँ

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग—सरपरदा : ताल–त्रिताल

स्थाई

प	–	प	प	म	प	म	ग	ग	रे	ग	म	–	ग	रे	ग
बा	ऽ	ट	च	ल	त	गा	री	दे	ऽ	ग	यो	ऽ	मो	ऽ	हिं
×				२				०				३			
प	म	प	प	म	ग	रे	सा	रे	रे	रे	ग	ग	म	ध	प
नं	द	को	ढी	ठ	न	ट	वा	स	ज	नी	क	हा	ऽ	क	रूँ
×				२				०				३			

अंतरा

				प	म	प	प	नि	नि	नि	सां	सां	सां	रें	–
				बा	री	वा	री	नं	न	दि	य	मु	ना	कै	ऽ
				२				०				३			
नि															
सां	सां	–	सां	सां	सां	–	ध	ध॒	नि	ध	प	प	–	म	प
से	जा	ऽ	ऊँ	बी	ऽ	च	ठा	ढो	नि	ठु	र	का	ऽ	न्ह	ल
×				२				०				३			
म	म	ग	ग	रे	सा	–	सा	रे	रे	रे	ग	ग	म	ध	प
ल	न	पि	या	रं	गी	ऽ	लो	र	सि	या	से	मैं	ऽ	ड	रूँ
×				२				०				३			

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१३

सखी री देखो नाहीं माने छैल कान्ह
करत बाराजोरी, मग बिच मुहिं अकेली जान,
मोरी ना माने छैल कान्ह ।

यशुदा ललन बड़ो ढीठ, निडर ऐसो—
माँगत लंगर मोसे जोबन दान,
मोरी नाहीं माने छैल कान्ह ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग—सरपरदा : ताल-त्रिताल

स्थाई

		, म	ग रे सा नि़
		, स	खि री दे खो
			२
सा ग रे ग	— म प म	ग — ग , म	ग रे ग म
ना हीं मा ने	ऽ छै ऽ ल	का ऽ न्ह, क	र त वा रा
०	३	×	२
ध — ध —	प, नि॒ ध प	म ध प म	ग ग रे सा
जो ऽ री ऽ	म ग वि च	मुं हि अ के	ली जा ऽ न
०	३	×	२
ग म रे ग	म प ग म	ग — ग	
मो ऽ री न	मा ने छै ल	का ऽ न्ह	
०	३	×	

अंतरा

प म प प	प प नि ध	नि सां सां सां	सां सां सां सां
य शु दा ल	ल न ब ड़ों	ढी ऽ ठ नि	ड र ऐं सो
०	३	×	२
सां नि सां ध	ध नि॒ ध प	म ध प म	ग रे सा नि़
माँ ग त लं	ग र मो से	जो ब न दा	ऽ न, मो री
०	३	×	२
सा ग रे ग	— म प म	ग — ग	
ना ही मा ने	ऽ छै ऽ ल	का ऽ न्ह	
०	३	×	

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१४

अपडर, कुलडर, परडर,
निंदरियां हौं किहि ढव पिय पर सब–
कौन यतन नेहा सगाऊँ,
मन मनशा मनाऊँ,
प्रमोद जिय प्रबोध ।

पाक पुंज, अमित मास—
विपुल वर्ष गयीं बिहाय
बीतो जात, बीतो जात जोबनवाँ
कबधौं नंद ललन मीत मुहिं मितैहें कपट शोध ।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग—बिहाग : ताल-त्रिताल

स्थाई

सा	नि़	सा	सा	ग	म	ग	ग	म	प	प	प	नि	ध	नि	सां
अ	प	ड	र	कु	ल	ड	र	प	र	ड	र	नीं	ऽ	द	रि
×				२				०				३			
नि	–	–	–	सां	–	सां	सां	नि	नि	नि	ध	प	प	म	प
यां	ऽ	ऽ	ऽ	हीं	ऽ	कि	हि	ढ	व	पि	य	प	र	स	ब
×				२				०				३			
म	–	नि	ध	प	म	ग	म	ग	–	म	म	म	ग	रे	सा
कौ	ऽ	न	य	त	न	ने	ऽ	हा	ऽ	स	गा	ऽ	ऊँ	म	न
×				२				०				३			
सा	नि़	सा	ग	म	ग	प	प	–	म	ग	ग	म	ग	–	ग
म	न	शा	म	ना	ऊँ	प्र	मो	ऽ	द	जि	य	प्र	वो	ऽ	ध
×				२				०				३			

अंतरा

म	ग	म	प	–	प	प	प	प	नि	–	नि	नि	नि	नि	सां
पा	ऽ	क	पुं	ऽ	ज	अ	मि	त	मा	ऽ	स	वि	पु	ल	व
×				२				०				३			
–	सां	सां	सां	रें	सां	–	सां	सां	–	सां	गं	–	गं	मं	मं
ऽ	र्ष	ग	यीं	वि	हा	ऽ	य	बी	ऽ	तो	जा	ऽ	त	बी	तो
×				२				०				३			
गं	–	गं	गं	ग	रें	सां	–	सां	नि	सां	नि	नि	ध	प	प
जा	ऽ	त	जो	व	न	वाँ	ऽ	क	वं	धौं	नं	द	ल	ल	न
×				२				०				३			
प	–	म	प	म	ग	म	–	ग	–	म	ग	रे	सा	–	सा
मी	ऽ	त	मु	हिं	मि	तैं	ऽ	हैं	ऽ	क	प	ट	शो	ऽ	ध
×				२				०				३			

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१५

थिर करु थिर करु पिया मन मोहनियाँ
किहि मिस मन मा—
लाख कोटि यतन तोहिका मिलाऊँ, धरि—
घर पिया लाऊँ, प्रमोद प्रिय प्रमोद

कुल की कानि लाज
ध्यान मन को मान
त्रिविध पूर, नेहा पूर
मोद मुर बलमवा, परसु नंद ललन—
भल से तुहि दृढै हैं वर विनोद ।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग–बिहाग : ताल–त्रिताल

स्थाई

सा नि़ सा सा	ग म ग ग	म प — नि	ध नि सां सां
थि र क रु	थि र क रु	पि या ऽ म	न मो ह नि
×	२	०	३
नि — — —	सां — सां सां	नि नि नि नि	ध प — प
याँ ऽ ऽ ऽ	तैं ऽ कि हि	मि स म न	मा ला ऽ ख
×	२	०	३
प — प म	प म ग म	ग — म ग	— रे सा सा
को ऽ टि य	त न तो ड़ि	का ऽ मि ला	ऽ ऊँ ध रि
×	२	०	३
सा नि़ सा ग	म ग प प	— म ग ग	म ग — ग
घ र पि या	ला ऊं प्र मो	ऽ द प्रि य	प्र मो ऽ द
×	२	०	३

अन्तरा

म ग म प	— प प —	प नि — नि	नि नि नि सां
कु ल की का	ऽ नि ला ऽ	ज ध्या ऽ न	म न को मा
×	२	०	३
— सां सां नि	रें सां — सां	सां — सां गं	— गं मं मं
ऽ न त्रि वि	ध पू ऽ र	ने ऽ हा पू	ऽ र मो ऽ
×	२	०	३
मं गं गं गं	गं रें सां —	सां नि सां नि	नि ध प प
द मु र बा	ल म वा ऽ	प र सु नं	द ल ल न
×	२	०	३
प प म प	म ग म —	ग — म ग	रें सा — सा
भ ल से तु	हिं दृ ढ़ै ऽ	हैं ऽ व र	वि नो ऽ द
×	२	०	३

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१६

आजारे राजा मोरे, सवतिया सों नेहा छुड़ाउ,
अरज गरज मोरी यही विनती तोसों,
करम कर बेदरदा।

मान मना हमरा जोबन—
जोहे दरस परस तुम्हरा रे
मोहे प्यारे, नंद के ललन पिया—
जिय न तरसावो ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग–नट बिहाग : ताल–त्रिताल

स्थाई

− ग म रे	ग म प −	प ध प ध	प म ग −
ऽ आ जा रे	रा जा मो ऽ	रे स व ति	या ऽ सों ऽ
०	३	×	२
−, ग म रे	ग म नि॒ −	ध प − ध	प म, प प
ऽ, आ जा रे	रा जा मो ऽ	रे स व ति	या सों, ने हा
०	३	×	२
म ग − ग	रे सा सा रे	नि़ सा रे ग	म प − नि
छु ड़ा ऽ उ	अ र ज ग	र ज मो री	य ही ऽ बि
०	३	×	२
ध नि सां −	सां नि ध नि	ध प, नि −	ध प म ग
न ती तो ऽ	सों क र म	क र, बे ऽ	द र दा ऽ
०	३	×	२

अन्तरा

− म ग म	प नि ध नि	सां सां सां सां	− सां नि रें
ऽ मा न म	ना ह म रा	जो व न जो	ऽ हे ऽ द
०	३	×	२
सां सां रें गं	गं गं मं मं	गं गं मं मं	ग रे − सा
र श प र	स तु म्ह रा	रे ऽ मो −	रे प्या ऽ रे
०	३	×	२
नि ध नि सां	− नि ध नि	ध प नि नि	ध प म ग
नं ऽ द के	ऽ ल ल न	पि य जि य	न त र सा
०	३	×	२
ग,			
वों,			
०			

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१७

जिया का आँदेशा मोरा कैसे जाय
बिरहा रे मारे डारे ।

(१) नैन बेधत, कल न परत,
निंदिया न आवे मुहिं सगरी निशा रे,
(२) नंद ललन पिय दरश परंश माती
कबधौं मिलि हौ मुहिं प्यारे ।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

राग–नट बिहाग : ताल–त्रिताल

स्थाई

म	रे सा – सा	रे ग म प	– ध प म
जि	या का ऽ अँ	दे शा मो रा	ऽ कै ऽ से
	२	०	३
गरे ग –, म	रे सा – सा	रे ग म प	– ध प म
जाऽ ऽ या, जि	या का ऽ अँ	दे शा मो रा	ऽ कै ऽ से
×	२	०	३
ग – – –	ग म नि ध	प – – प	मं प ग म
जा ऽ ऽ य	वि र हा ऽ	रे ऽ ऽ मा	ऽ रे डा रे
×	२	०	३
गरे ग – ,			
रेऽ ऽ ऽ ,			
×			

अन्तरा

			– प प प
			ऽ मैं न बे
			३
नि ध नि नि	नि सां सां सां	नि स नि ध	प प मं प
ध त क ल	न प र त	निं द या न	आ वे मु हिं
×	२	०	३
ग म ग म	रे सा –, सा	रे ग म प	– ध प म
स ग री नि	शा रे ऽ, अँ	दे शा मो रा	ऽ कै ऽ से
×	२	०	३

गरे ग –,

जाऽ ऽ य,

×

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१८

नैन बान मारत सजनी,
कैसी लचक चलत चाल
मद जोबन माती गोरी,
गुमान धारत सजनी कैसी

चंद्रमुखी मृगनैनी मृदुबैनी शोभा दरसत बरसत
छवि रंगीली, रसीली, छबीली आली ललन पिया
प्यारी प्यारी सारी शीश—
साजे, नयी नोखी मुस्कान
मधुर-मधुर सुघर बान—
पै प्रान वारत सजनी कैसी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग–खमाज : ताल–त्रिताल

स्थाई

म	ग	म	प	–	प	म	ध	ध	नि	नि	ध	प	म	(म)प	ध
नै	ऽ	न	वा	ऽ	न	मा	ऽ	र	त	स	ज	नी	कै	ऽ	सी
×				२				०				३			
ग	म	म	ग	ग	रे	सा	नि़	सा	ग	ग	म	ध	नि	प	ध
ल	च	क	च	ल	त	चा	ऽ	ल	म	द	जो	व	न	मा	ती
×				२				०				३			
नि	सां	नि	सां	–	सां	ध	सां	नि	नि	नि	ध	प	प	प	ध
गो	री	गु	मा	ऽ	न	धा	ऽ	र	त	स	ज	नी	कै	ऽ	सी
×				२				०				३			

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अन्तरा

म -- ग म	नि ध नि नि	सां -- सां --	सां सां सां --
चं ऽ द्र मु	खी ऽ मृ ग	नै ऽ नी ऽ	मृ दु बैं ऽ
×	२	०	३
सां -- नि --	सां -- रें रें	सां सां गं गं	मं मं गं गं
नी ऽ शो ऽ	भा ऽ द र	स त ब र	स त छ वि
×	२	०	३
रें रें, रें सां	सां सां सां रें	सां नि -- ध	म नि ध नि
रं गी ली र	सी ली छ बी	ली आ ऽ ली	ल ल न पि
×	२	०	३
सां सां सां सां	रे सा सा नि	नि -- नि नि	ध प प प
या प्या ऽ री	प्या री सा री	शी ऽ श सा	ऽ जे न यी
×	२	०	३
ध ध म म	ग ग म नि	ध नि प ध	नि सां नि सां
नो खी मु स	क्या न म धु	र म धु र	सु घ र वा
×	२	०	३
-- सां नि सां	-- सां सां ध	सां नि ध नि	नि ध प ध
ऽ न पै प्रा	ऽ न वा ऽ	र त स ज	नी कै ऽ सी
×	२	०	३

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१६

नंद नटवारे छैल मोरी मान,
पनघटवा की गैल मोरी छाँड़ दे,
दीठ कंधैया बरजोरी मोसे न कर रे

सँग की सहेली पाछे आवत मोरी,
ननदी सुजान अकेली न जान मोको तू कान्ह
ललन पियारे एती बिनती मोरी मान निडर रे ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

राग–खमाज : ताल–त्रिताल

स्थाई

		प	− म ग म
		नं	ऽ द न ट
			३
प सां नि सां	− सां ध नि̱	नि̱ ध प, प	− म ग म
वा ऽ रे छै	ऽ ल मो री	मा ऽ न, नं	ऽ द न ट
×	२	०	३
प सां नि सां	− सां ध नि̤	नि̱ ध ध प	प म ग म
वा ऽ रे छै	ऽ ल मो री	मा न प न	ध ट वा ऽ
×	२	०	३
प − म नि̱	ध नि̱ ध नि	सां नि सां सां	ध सां − नि।
कीं ऽ गै ऽ	ल मो री छो	ड़ दे ढी ठ	कं धै ऽ या
×	२	०	३
ध नि̱ नि̱ ध	प प प म	ग · म प	
ब र जो ऽ	री मो से न	क रे	
×	२	०	

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अन्तरा

	– म ग म	म नि ध नि	सां नि सां सां
	ऽ सं ग की	स हे ली पा	छे आ ब त
	२	०	३
सां – सां सां	सां नि रें सां	सां सां गं मं	गं गं रें सां
मो ऽ री नं	न दी सु जा	न अ के ली	न जा ऽ न
×	२	०	३
सां – नि सां	नि ध म नि	ध नि सां –	सां – सां प
मो ऽ को तू	का न्ह ल ल	न पि या रे	ए ऽ ती बि
×	२	०	३
ग नि नि –	निध प प म	ग म प,	
न ती मो ऽ	रीऽ मा न नि	ठु र रे,	
×	२	०	

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

२०

नैन नीर लागी रहत झरि पै झरि
छिन पै छिन, पल पै पल, सखि निशि दिन ।

पिया विदेश छाये, सौतन बिरमाये,
निपट तरसाये, बहु दिन बिताये,
आये न निंदिया, आये बिरहिन बिरोग—
भरे नंदलाल श्याम सनेही बिन ।,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

राग–खमाज : ताल–त्रिताल

स्थाई

म ग म प	— प म ध	नि नि ध नि	नि ध प ध
नै ऽ न नीं	ऽ र ला गी	र हृ त झ	रि पै झ रि
×	२	०	३
नि सां नि सां	सां ध सां सां	नि नि ध नि	नि ध प ध
छि न पै छि	न प ल पै	प ल स खि	नि शि दि न
×	२	०	३

अन्तरा

म ग म नि	— ध प ध	नि — सां नि	सां सां सां सां
पि या बि दे	ऽ श छा ये	सौ ऽ त न	बि र मा ये
×	२	०	३
सां गं गं मं	मं गं गं रें	सां नि रें सां	नि ध — नि
नि प ट त	र सा ऽ ये	ब हु दि न	बि ता ऽ ये
×	२	०	३
ध नि सां नि	सां सां रें सां	नि ध प नि	ध प — प
आ ये ना नि	दि या आ ये	बि र हि न	बि रो ऽ ग
×	२	०	३
प ध प सां	नि सां नि नि	ध प प नि	— ध प ध
भ रे नं द	ल ल न श्या	ऽ म स ने	ऽ ही बि न
×	२		३

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

२१

आओ जी आओ जी–
मोरे आज मोहन ।

बाँकी रंगीली सी छबीली सजि प्यारे
ललन पिया के जिया बिराज मोहन

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग–खमाज : ताल–त्रिताल

स्थाई

ध	प	नि	ध	प	प	ध	प	ध
आ	ओ	जी	आ	ओ	जी	मो	ऽ	रे
	०				३			

म	ग	म	प	—	प	प
आ	ऽ	ज	मो	ऽ	ह	न
×				२		

अन्तरा

म	—	ग	म	प	प	प	नि
वाँ	ऽ	की	रं	गी	ली	सी	छ
०				३			

ध	नि	प	ध	सां	नि	सां	सां	सां	गं	गं	मं	गं	रें	सां	सां
बी	ला	छ	वि	स	जि	प्या	रे	ल	ल	न	पि	या	के	जि	या
×				२				०				३			

ध	सां	—	सां	नि	ध	प
बि	रा	ऽ	ज	मो	ह	न
×				२		

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

२२

सखि सैयां की सुरतिया जियरा हरे—
ऐसो नयना अनियारे
खंजन से खरे

चारु हेरन चतुर अधिक
ललित दसन हँसन न्यारी
दरसत रस रंग सो—
कहि न सकत सुघरताई
ललन छैल रसिया रंगीलो ठाढ़ो तीर तरु तरे।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग–खमाज (अधर बन्द) : ताल–त्रिताल

स्थाई

— —, ग म	प सां नि सां	नि ध प प	ध ग - म
स खि	सैं याँ की सु	र ति या जि	या रा ऽ ह
×	२	०	३
ग -- म ग	म ध ध ध	ध नि प ध	नि सां, नि सां
रे ऽ ऐ स	नै ना अ नि	या रे क ज	रा रे, खं ज
×	२	०	३
नि ध प ध	प सां नि सां	नि ध प प	ध ग -- म
न से ख रे,	सैं याँ की मु	र ति आ जि	य रा ऽ ह
×	२	०	३

अंतरा

– म ग म	प प म नि	नि ध प ध	नि सां नि सां
ऽ चा रु हे	र न च तु	र अ धि क	ल लि त द
×	२	०	३
